दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 208
मुरादाबाद
(Thursday)
20 November 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पुट्टपर्थी में सत्य साईं के शताब्दी समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री; CM नायडू ने किया सम्मान





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी पहुंच गए हैं, जहां सीएम चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने उनका स्वागत किया है। वहीं इसके बाद पीएम मोदी ने सत्य साईं बाबा के पवित्र मंदिर और महासमाधि पर पूजा-अर्चना की और एक समारोह में शिरकत की है। प्रधानमंत्री पुट्टपर्थी से तमिलनाडु के कोयंबटूर जाएंगे, जहां वे दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आंध्र प्रदेश के दौरे पर हैं, जहां पुट्टपर्थी में सीएम चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने उनका स्वागत किया है। वहीं पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर स्वागत करते हुए सीएम चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का पुट्टपर्थी में भगवान श्री सत्य साईं बाबा के शताब्दी समारोह में शामिल होने पर स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। मैं इस पवित्र स्थान की दिव्यता में डूबने और इस क्षेत्र व मानवता के लिए भगवान के अपार योगदान को याद करने के लिए उत्सुक हूं। ञबता दें कि, पीएम मोदी ने इसके बाद पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं बाबा के पवित्र मंदिर और महासमाधि पर पूजा-अर्चना की।जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री- पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में भाग लेने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन, केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु और जी किशन रेड्डी भी मौजूद थे।आंध्र प्रदेश में सुकन्या समृद्धि योजना लॉन्च आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में पीएम नरेंद्र मोदी ने सुकन्या समृद्धि योजना लॉन्च की। बता दें कि पीएम मोदी यहां पर सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में शिरकत करने के लिए पहुंचे हैं, इस दौरान सीएम एन चंद्रबाबू नायडू भी उनके साथ मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- भारत सरकार ने 10 साल पहले बेटियों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए, उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की थी। ये देश की उन योजनाओं में से एक है, जिसमें 8.2% का सबसे ज्यादा ब्याज हमारी बेटियों को मिलता है। अब तक देश की 4 करोड़ से ज्यादा बेटियों के खाते सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खोले जा चुके हैं। अब तक इन बैंक खातों में सवा 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि जमा कराई जा चुकी है।स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी-इस अवसर पर, पीएम मोदी ने सत्य साईं बाबा के जीवन, शिक्षाओं और चिरस्थायी विरासत को सम्मानित करते हुए एक स्मारक सिक्का और डाक टिकटों का एक सेट भी जारी कियासत्य साई बाबा की सेवा भावना करोड़ों लोगों को कर रही मार्गदर्शन%- वहीं इस दौरान समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- श्री सत्य साईं बाबा का यह जन्मशताब्दी वर्ष हमारी पीढ़ी के लिए सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि एक दिव्य वरदान है। बीच दैहिक स्वरूप में नहीं हैं, लेकिन उनकी शिक्षा, उनका प्रेम, उनकी सेवा भावना आज भी करोड़ों लोगों का मार्गदर्शन कर रही हैं। श्री सत्य साईं बाबा का संदेश केवल पुस्तकों, प्रवचनों और आश्रमों की सीमाओं में नहीं रहा है। उनकी शिक्षा का प्रभाव लोगों के बीच दिखता है। आज भारत के शहरों से लेकर छोटे गांवों तक, स्कूलों से लेकर आदिवासी बस्तियों तक, संस्कृति, शिक्षा और चिकित्सा सेवा का एक अद्भुत प्रवाह दिखाई देता है। बाबा के करोड़ों अनुयायी बिना किसी स्वार्थ के इस काम में लगे हैं। मानवसेवा ही माधव सेवा है, ये बाबा के अनुयायियों के सबसे बड़ा आदर्श है।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकतंत्र के लिए खतरा: राहुल गांधी और कांग्रेस पर बरसे देश के पूर्व जज-नौकरशाह, EC की छवि खराब करने का आरोप

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पर देश की 272 वरिष्ठ हस्तियों ने चुनाव आयोग की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। अपने एक खुले पत्र में देश की इन हस्तियों ने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया है।देश के 272 प्रतिष्ठित नागरिक, जिसमें 16 पूर्व जज, 123 रिटायर्ड नौकरशाह (14 पूर्व राजदूत समेत) और 133 सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी शामिल हैं, ने एक खुला पत्र जारी करके विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। इन हस्तियों ने कहा कि भारत का लोकतंत्र किसी हथियार से नहीं, बल्कि जहरीली बयानबाजी से हमला झेल रहा है। इस पत्र में आरोप लगाया गया है कि सैन्य बलों, न्यायपालिका और संसद पर सवाल उठाने के बाद अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। हुल गांधी ने बार-बार चुनाव आयोग पर वोट चोरी में शामिल होने का आरोप लगाया, परमाणु बम जैसी भाषा इस्तेमाल की और यहां तक कहा कि आयोग देशद्रोह कर रहा है, लेकिन इन दावों के समर्थन में कोई औपचारिक शिकायत या शपथ पत्र नहीं दिया।चुनावी हार की हताशा से उपजा क्रोध- पत्र के अनुसार, बिना सबूत के लगाए जाने वाले आरोप एक क्रोध का रूप हैं, ऐसा गुस्सा जो बार-बार चुनावी हार और जनता से दूरी के कारण पैदा हुआ है।

## इंदिरा गांधी की आज 108वीं जयंती, पीएम मोदी-कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि उनकी दादी का साहस, देशभक्ति और नैतिकता उन्हें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देती है। कांग्रेस ने इंदिरा गांधी के साहसी नेतृत्व, देश सेवा और राष्ट्रीय हितों के लिए उनके बलिदान को याद किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य नेताओं ने भी उन्हें शक्ति स्थल पर पुष्प अर्पित किए। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, %पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि%। इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 को हुआ था। उन्होंने 1966 से 1977 तक और फिर 1980 से 31 अक्तूबर 1984 तक प्रधानमंत्री के रूप में सेवा की। 31 अक्तूबर 1984 को उनका निधन हुआ। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शक्ति स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। खरगे ने कहा कि इंदिरा गांधी का अद्वितीय और प्रभावशाली नेतृत्व, जिसमें राजनीतिक साहस झलकता था, हमेशा प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि उनकी जनता के प्रति जीवनभर की सेवा और देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए उनके बलिदान को लाखों सलाम करते हैं। दादी से मिली अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणाः राहुल गांधी- राहुल गांधी ने कहा कि उनकी दादी का साहस, देशभक्ति और नैतिकता उन्हें अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़े होने की प्रेरणा देती रहती है। उन्होंने हिंदी में लिखा, मैंने अपनी दादी से भारत के लिए निडर फैसले लेने और हर परिस्थिति में राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा पाई। उनका साहस, देशभक्ति और नैतिकता मुझे अन्याय के खिलाफ दृढ़ रहने की प्रेरणा देती है। इंदिरा गांधी ने कठिन समय में किया देश का नेतृत्वः केसी वेणुगोपाल- वहीं, कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पहली महिला प्रधानमंत्री को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कठिन समय में देश का मार्गदर्शन किया और कल्याणकारी युग की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के साहसिक नेतृत्व के कारण भारत एक मजबूत वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा और किसी दबाव में नहीं झुका। उन्होंने कहा कि अपनी अंतिम सांस तक उन्होंने देश के लिए सब कुछ दिया और देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए अपने जीवन का बलिदान किया। कांग्रेस ने इंदिरा गांधी की जयंती पर क्या कहा?- कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर कहा कि शक्ति का प्रतिरूप, इंदिरा जी ने देश को आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति की ओर अग्रसर किया। पार्टी ने कहा कि उनके साहसी नेतृत्व और न्याय, एकता और प्रगति के प्रति ईमानदार प्रतिबद्धता ने कांग्रेस के मार्ग को रोशन किया। कांग्रेस ने आगे कहा कि इंदिरा गांधी के अडिग संकल्प और साहसी नेतृत्व के कारण भारत ने कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल की, बांग्लादेश को स्वतंत्र कराया और विश्व शक्तियों के सामने देश के हितों की रक्षा की।

## जदयू ने नीतीश कुमार और भाजपा ने सम्राट चौधरी को चुना विधायक दल का नेता, विजय सिन्हा उपनेता चुने गए



बिहार की सियासी गलियारे में आज बैठकों का दौर जारी है। मुख्यमंत्री आवास में जदयू की बैठक हुई। इसमें नीतीश कुमार को जदयू विधायक दल का नेता चुना गया। भाजपा के विधायकों ने सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता और विजय सिन्हा को उप नेता चुना है।जनता दल यूनाईटेड के नवनिर्वाचित विधायकों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को फिर से अपना नेता चुन लिया है। बुधवार सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री आवास में जदयू के विधायक दल की बैठक हुई। साढ़े 11 बजे जदयू के विधायकों ने सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुन लिया है। जदयू के वरिष्ठ नेता और विधायक श्याम रजक ने कहा कि बिहार की जनता उत्साहित है, उन्होंने नीतीश कुमार अपना नेता चुना है।

मुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी की पहली और अंतिम पसंद नीतीश कुमार ही हैं। नई सरकार में मंत्री बनाए जाने के सवाल पर रजक ने कहा कि इसका फैसला नीतीश कुमार करेंगे। विधायक दल की बैठक से पहले जदयू विधायक मनोरमा देवी ने कहा कि यह बिहार के लिए बहुत अच्छा दिन है। हमारे अभिभावक नीतीश कुमार जी हैं और वह सभी के कल्याण के लिए काम करेंगे।इधर, भारतीय जनता पार्टी के विधायकों की बैठक पार्टी कार्यालय में हो रही है। भाजपा के विधायकों ने सम्राट चौधरी के विधायक दल का नेता चुन लिया है। यानी वह डिप्टी सीएम बनेंगे। वहीं विजय सिन्हा को उप नेता चुना गया है। इस प्रस्ताव का समर्थन करने वालों में प्रेम कुमार, राम कृपाल यादव, कृष्ण कुमार ऋषि, संगीता कुमारी, अरुण शंकर प्रसाद, मिथिलेश तिवारी, नितिन नवीन, वीरेन्द्र कुमार, रमा निषाद, मनोज शर्मा और कृष्ण कुमार मंटू शामिल थे। बताया जा रहा है कि विजय सिन्हा दूसरे डिप्टी सीएम बनेंगे। भाजपा दोनों डिप्टी सीएम का पद अपने पास रखने जा रही है। लेकिन, 19 सीट लाने वाली चिराग पासवान की पार्टी एक डिप्टी सीएम समेत तीन मंत्री का पद चाहती है। इस मुद्दे पर भी बातचीत चल रही है। दिल्ली में हुई बैठक में यह बात तय नहीं हो पाई।इधर, भाजपा विधायक दल का उपनेता चुने जाने के बाद विजय सिन्हा ने कहा कि मैं अपने शीर्ष नेतृत्व और सभी विधायकों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। बिहार में विकास की रफ्तार तेज करने के लिए मिले जनादेश के साथ अब हम अपने सिस्टम को कार्रवाई में लाएंगे, ताकि सुशासन के माध्यम से समृद्धि हासिल करने के संकल्प को पूरा किया जा सके और विकसित बिहार बनाने की प्रतिबद्धता को पूर्ण रूप से साकार किया जा सके। दोपहर 3.30 बजे विधानसभा के सेंट्रल हॉल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक होगी। इसमें भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाईटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा, लोक जनशक्ति पार्टी के सभी नव निर्वाचित विधायक और नीतीश कुमार, चिराग पासवान, संतोष सुमन, उपेंद्र कुशवाहा, सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा मौजूद रहेंगे। इधर, कुछ ही देर में गृह मंत्री अमित शाह भी पटना पहुंचेंगे। वह भारतीय जनता पार्टी की बैठक में शामिल होंगे।

## इस्लाम में आत्महत्या हराम, बेगुनाहों की हत्या बड़ा गुनाह;आतंकी उमर नबी के वीडियो पर बोले ओवैसी



दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार धमाके के आरोपी आतंकी उमर नबी के वीडियो पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा- इस्लाम में आत्महत्या हराम, बेगुनाहों की हत्या बड़ा गुनाह है। ओवैसी ने कहा- ऐसे कृत्य न धर्म से जुड़े हैं, न किसी गलतफहमी से, ये सीधा-सीधा आतंकवाद है।दिल्ली में 10 नवंबर को हुए कार ब्लास्ट मामले को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। इस घटना में 15 लोगों की मौत हुई थी और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए थे। अब आरोपी डॉ. उमर-उल-नबी का एक पुराना और बिना तारीख का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह सुसाइड बॉम्बिंग को %शहादत% बताते हुए उसे %गलत समझा गया% कहते हैं।असदुद्दीन ओवैसी का सख्त रुख-एआईएमआईए चीफ और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इस वीडियो को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, इस्लाम में आत्महत्या हराम है और बेगुनाहों की हत्या बेहद बड़ा गुनाह है। ऐसे कृत्य न धर्म से जुड़े हैं, न किसी गलतफहमी से, ये सीधा-सीधा आतंकवाद है। ओवैसी ने अपने पोस्ट में साफ कहा कि नबी का तर्क पूरी तरह गलत है और इसका इस्लाम से कोई लेना-देना नहीं। केंद्र सरकार पर सवाल- वहीं ओवैसी ने गृह मंत्री अमित शाह से भी जवाब मांगा। उन्होंने याद दिलाया कि अमित शाह ने संसद में कहा था कि पिछले छह महीनों में कोई भी कश्मीरी युवक किसी आतंकी संगठन में शामिल नहीं हुआ। तो फिर, %ये ग्रुप आया कहां से? इसकी पहचान पहले क्यों नहीं हुई? जिम्मेदारी किसकी है? NI की कार्रवाई- वहीं एनआईए ने मंगलवार को जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश को 10 दिन की हिरासत में लिया है। आतंकियों को तकनीकी मदद दी वह उमर-उल-नबी का करीबी और सक्रिय सहयोगी था। एनआईए का कहना है कि दोनों ने मिलकर दिल्ली की इस भयानक वारदात की योजना बनाई।ओवैसी का सरकार पर अंतिम सवाल- ओवैसी ने पूछा कि आरोपी का वीडियो छह से सात महीने पुराना बताया जा रहा है। %अगर ये वीडियो इतना पुराना था, तो इसे किसी ने पहले क्यों नहीं देखा? दिल्ली में पुलिस और सुरक्षा व्यवस्था केंद्र सरकार के अधीन है, तो जिम्मेदारी किसकी है?

## संपादकीय Editorial

# Against Chitta

Himachal Pradesh has announced its next steps, making Chitta its number one enemy against drug abuse. A formal program is underway to expand the awareness generated through a walkathon in Shimla to a state-wide level. The government has demonstrated its willpower in its commitment to transform drug trafficking, from awareness to rehabilitation, and ultimately, to bring those trapped in the degraded environment back to the brink of life. Stories against alcohol, the "red color," used to be a battle cry on the silver screen, but now it is a source of economic prosperity. To attract more tourism, alcohol became a standard of entertainment, but chemical drugs reduced the price of alcohol and hookah to a single packet or needle. The proliferation of drugs has transformed the drug trade, and Kasol's tourism has become infamous due to the prevalence of smuggling. To the point where Malana Cream has become the standard for drug marketing worldwide. New steps in these gaps are being measured directly in death. Now, let's talk about Chitta and the devastation of future generations within the network of white-collar dealers. We are witnessing this all around us. Surprisingly, during police investigations, drug consignments are revealed as packets. Organized crime and distribution are expanding simultaneously. Before becoming addicts, they focus on their targets, and young people, plundered on the grazing grounds, find solace in the struggle of life through packets. Thus, a psychology of addiction is developing that challenges modern lifestyles, future competition, and national policies. While the paths of drug abuse and its strongholds are established, the rule of law and the vigilance of social order must also be effective. In this context, the government is developing a mechanism to actively counter it. Volunteers are being deployed against Chitta, and lessons on this topic will be taught in educational programs. In this context, the actions taken before sin and atonement, by confiscating the properties of drug traffickers, have set an example. By creating several new police districts, Himachal Pradesh has taken a tough stand against the drug trade, which is a breeding ground for crime. Many examples of the dire situation can be found in the destruction of families, but before that, consider the decline in the Himachali character. Chitta doesn't appear to be a food at first glance, but rather, the goals of those involved in its distribution are to destroy the entire path from innocent childhood to adulthood. This is not hard work, but a patronage that must be broken at many levels. This is more a matter of vigilance than a warning. A new sense of discipline is needed in educational institutions and a new blend of passion and engagement in students' busy schedules. The rigor of subjects and the lack of employment necessitate an environment that simplifies and facilitates mental engagement. The dominance of examinations during school periods and the unnecessary pressure on children in the context of education must be reduced. Student life, in the spread of the information revolution and the voiceless knowledge in the age of AI, pose a challenge to the fierce competition of its excesses. While a direct attack may be launched against Chitta, many eras of our culture have already been trapped in the clutches of this disease. Even if the fabric of Chitta is broken due to the vigilance of the state and strictness of the law, the society still has to protect such plants in its roots which can maintain the status of simplicity and ease in the outlook of children.

# The US economy is faltering, and Donald Trump's arbitrary actions are weakening the economic foundation.

**Donald Trump's "America First" policy has impacted global trade. The tariff war has reduced the purchasing power of American consumers and increased inflation. A decline in GDP and a rise in unemployment have exacerbated economic inequality. Trump's policies are facing opposition because they weaken America's economic foundation. His policies are exacerbating economic instability and political polarization.**



The tariff war has affected American consumers, with GDP declining and unemployment rising. Protests against Trump's policies have begun. President Donald Trump, who pursues the "America First" campaign, focuses on imposing every decision, be it international agreements, trade policy, or security decisions, on others. Donald Trump, who has been slowing down the pace of globalization, has created a trade war by imposing tariffs on other countries, including India. The Trump administration is either reducing funding or threatening to withdraw from numerous multilateral institutions, attempting to weaken their role by allegedly not working in America's interests. The impact of his policies isn't limited to the outside world, but is also having widespread economic and social effects within the United States. The trade war has not only disrupted foreign trade but also fueled price increases in the US domestic market. Retaliatory tariffs imposed by other countries in response to US tariffs are impacting the purchasing power of American consumers. Prices of imported goods have risen by approximately four percent since March 2025, while prices of domestic goods have risen by approximately two percent, driven by the rise in prices of not only everyday items but also electronics, toys, clothing, and machinery. In response to rising inflation, Trump has decided to reduce tariffs on more than 200 items. Rising production costs due to rising raw materials for US industries are not only leading to job losses but also severely impacting farmers' incomes. Retaliatory tariffs imposed by China, Canada, and European countries have reduced demand for American agricultural commodities like soybean and corn, leading to a decline in farmers' incomes, forcing the government to provide billions of dollars in subsidies. The adverse effects on the American economy are now becoming apparent. According to a report by Yale University's Center for Budget Studies, tariffs and foreign retaliatory taxes are projected to reduce US real GDP growth by approximately 0.9 percentage points in 2025. Tariff policies are costing the average American family up to $3,800. Analyzing the Penn-Wharton Budget Model, Trump's trade policies could reduce US GDP by approximately six percent in the long term and wages by approximately five percent. The OECD stated in its recent report that if tariffs and unilateral trade policies continue, US GDP growth could fall to 1.6 percent by 2026. This decline would be a cause for concern not only for the US but also for the global economy, as the US economy is the main engine of global trade. Ordinary Americans are paying the heaviest price for this policy shift. Higher prices, declining incomes, and reduced employment opportunities have undermined the notion of the American dream. Protests against Trump's arbitrary policies have already begun in the United States. In a recent survey, approximately 55 percent of Americans said that Trump is now behaving like a dangerous dictator. He is using government institutions to target his opponents. This is why, under his leadership, America's democratic structure has become more divided than ever before. Movements like "Hands Off" and "No King" have made it clear that the American public is now uniting in opposition to excessive interference and centralized power. Trump's nationalist policies are proving even more challenging in the context of a faltering American economy. While his slogan of "America First" temporarily bolstered domestic industries, his withdrawal from global trade partnerships has negatively impacted the American market. International investment has declined, exports have been pressured, and imports have become more expensive due to the volatile dollar. Meanwhile, rising unemployment and persistent consumer prices have weakened the purchasing power of the middle class. According to the Pew Research Center, nearly 60 percent of Americans believe that Trump's policies have increased economic inequality, while the working class has received no real benefits from his promises. According to economic analysts, Trump's protectionist policies have limited America's production capacity, leading to increased layoffs in industries rather than the creation of new jobs. Financial instability and inflation have deepened the American public's anxiety. Trump's nationalism is not only causing political polarization but also economic imbalance. Policies adopted for short-term political gain are undermining both America's economic stability and global credibility in the long run. If this trend continues, the "America First" policy could shake America's economic foundation itself.

# Mischievous talk about terrorism must be nipped in the bud.

India is the world's most diverse society, and discontent exists among many religious, ethnic, and social groups. Is there any class in the country more oppressed than the Dalits? And could this be an excuse for them to resort to terrorist activities? A Congress leader in Karnataka said that the NDA, seeing its position in the first phase of the Bihar elections as dire, may have orchestrated the blast to garner votes in the second phase. Refusal to Condemn Terrorist Attack Criticism of Chidambaram's Statements: Indians who consider themselves supporters of a secular and democratic way of life should be wary of all those leaders who are refusing to clearly and unhesitatingly condemn the terrorist attack near the Red Fort and are making mischievous arguments about so-called "discontent" among Muslims. If we want to safeguard our Constitution and democracy, all those leaders who use double standards and resort to superficial and mischievous arguments based on "ifs" and "buts" must be held accountable. Former Union Minister and Congress leader P. Chidambaram says that the Pahalgam and Red Fort attacks were "domestic" terrorists. He has no right to spread confusion with such politically motivated theories. Following the Red Fort blast, Chidambaram put forward his dangerous theory on X that there are two types of terrorists: foreign-trained infiltrators and domestic terrorists. Even more worrying, he said that we should ask ourselves what are the circumstances that turn Indian citizens, even educated ones, into terrorists. He and other leaders like him should be told that their own politics pushes Indian citizens to become terrorists. It was their own appeasement politics that divided the country and paved the way for the creation of Pakistan in the 1940s. This same politics fosters a sense of victimhood among Muslims who turn to terrorism. These same leaders also falsely claim that minorities are not safe in India. Chidambaram and leaders like him should remember that in the 1940s, India's Muslims demanded a separate country, resulting in the creation of Pakistan. At that time, 88 percent of the rest of India's population was followers of Vedic/Indian religions such as Hindus, Sikhs, Jains, and Buddhists, and they decided that India would be a secular and democratic republic. Despite the creation of a separate Muslim nation, 35 million Muslims remained in India at the time of independence. Today, their population has grown to nearly 200 million. This is a fivefold increase since independence, the highest among all religious groups. Would their population have grown so rapidly if they were facing persecution? Muslim cultural and educational institutions, such as Al-Falah University in Faridabad, have proliferated across the country.

Madrasas and mosques have also expanded extensively. A strong Muslim middle class has emerged, and Muslim youth, like other citizens, are entering all sectors of the bureaucracy, education, media, corporate management, and are also making their mark in the arts and sports. Bollywood is driven by the Khans—Salman, Shah Rukh, and Aamir Khan. The contributions of Bharat Ratna Dr. APJ Abdul Kalam, the great scientist who gave India missile and nuclear deterrence capabilities, are remembered with reverence throughout the country. He later became our President. He also played a key role in the nuclear tests conducted in 1998 during Atal Bihari Vajpayee's tenure as Prime Minister. Since independence, three Presidents and one Acting President have been Muslim. Six Muslims have been awarded the Bharat Ratna so far. Furthermore, they enjoy all the fundamental rights enshrined in the Constitution, which guarantee them the right to profess, practice, and propagate their religion (Article 25), to build and operate their places of worship (Article 26), and to establish and operate their educational and cultural institutions (Articles 29-30). India is the world's most diverse society, and discontent exists among numerous religious, ethnic, and social groups. Is there any class in the country more oppressed than the Dalits? And can this become an excuse for them to resort to terrorist activities? A Congress leader in Karnataka said that the NDA, seeing its situation dire in the first phase of the Bihar elections, may have orchestrated the blast to gain votes in the second phase. It is deeply shameful that we have leaders who want to blame the cowardly attack by terrorists carrying 2,900 kg of ammonium nitrate and other explosives on political opponents. This is a blatant attempt to incite discontent among Muslims. The time has come to hold Kashmiri leaders—the Abdullahs, father and son—accused of ruling the Kashmir Valley during the genocide of Hindus and yet proclaiming themselves secular and constitutionalists. It must always be remembered that the Abdullah family failed miserably to protect the Hindu minority in India's only Muslim-majority state. Hindus were driven out. When asked why doctors are becoming radicalized, Jammu and Kashmir Chief Minister Omar Abdullah said, "I don't know... Some (terrorists) feel that the government has done injustice to them... some because of religion... some because they see no hope for their future." What does this mean? Are doctors becoming radicalized? Was injustice done to them? It's a shame that Omar Abdullah is making such absurd statements. His father, Farooq Abdullah, made an even worse statement. He said, "Fingers are being pointed at every Kashmiri. How long will we keep responding to this? If we allow Chidambaram and leaders from the Abdullah family to spread such dangerous theories, they will spread poison and India's unity and integrity will be in jeopardy. We must nip this mischief in the bud."

# मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स ( बाल श्रम ), जिला श्रम बन्धु एवं जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सर्तकता समिति की बैठक आयोजित हुई

बैठक में उप श्रमायुक्त द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिशोध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित अधिनियम 2016, जिला श्रम बन्धु एवं जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति के प्राविधानों एवं उ.प्र. शासन एवं भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। उप श्रमायुक्त ने अवगत कराया गया कि मा. मुख्यमंत्री के निर्देशो के क्रम में उत्तर प्रदेश में बाल एवं किशोर श्रम को श्रम मुक्त प्रदेश बनाए जाने का निर्णय बाल एवं किशोर श्रम को पूर्णतया किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन, शैक्षिक विस्तृत जानकारी समस्त पदाधिकारियों मण्डल एवं एसोसिएशन के श्रम से कार्य न कराए जाने एवं प्राविधानों की जानकारी दी गई। श्रम निषेध बोर्ड अनिवार्य रूप से चस्पा अधिकारी ने उप श्रमायुक्त को निर्देशित अभियान पुलिस, प्रशासन के जनपद के होटल, रेस्टोरेंट एवं बाल का चिन्हांकन कराया जाए तथा उनका सुनिश्चित किए जाने हेतु बेसिक शिक्षा बाल श्रमिकों की सूची प्रेषित करते मा. सीजेएम न्यायालय में पूर्व में योजित हुए दिनांक 13 दिसम्बर 2025 को




पूर्णतया: निषिद्ध करते हुए बाल लिया गया है। जनपद मुरादाबाद में निषिद्ध किए जाने हेतु बाल एवं पुनर्वासन एवं अधिनियम की को दी गई तथा समस्त व्यापार पदाधिकारियों से बाल एवं किशोर अधिनियम के अन्तर्गत दण्ड के प्रतिष्ठान एवं कारखानों के बाहर बाल किया जाएं। मुख्य विकास किया कि एक बाल श्रम चिन्हांकन अधिकारियों के सहयोग से चलाकर श्रम बाहुल्य क्षेत्रों में बाल श्रमिकों शैक्षिक एवं आर्थिक पुनर्वासन विभाग एवं प्रोबेशन विभाग को हुए फॉलोअप भी लिया जायें तथा अभियोजन को प्रभावी पैरवी कराते आयोजित लोक अदालत में निस्तारण कराया जाये जिस हेतु सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। कार्यवाही को नियत समय में किये जाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय एवं बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि इस कार्य हेतु अपने-अपने विभाग से एक-एक नोडल अधिकारी नामित किया जाये ताकि इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हों। उप श्रमायुक्त, मुरादाबाद क्षेत्र द्वारा प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम से मुक्त करने के प्रदेश सरकार के संकल्प को दोहराते हुए इसमें सभी को अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। जिला श्रम बन्धु के अन्तर्गत नियोजित श्रमिकों के हित संवर्धन तथा औद्योगिकीकरण को गतिशीलता प्रदान करने, श्रम अधिनियमों का प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने तथा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 के अन्तर्गत अधिष्ठान पंजीयन, लेबर सेस एवं निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना आदि के क्रियान्वयन से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं एनपीएस टेंडर्स के विषय में भी जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि श्रमिको को इन योजनाओं से जागरूक कराये जाने हेतु विशेष कैम्प का आयोजन कराया जाये जिससे श्रमिक योजनाओं का उनकी पात्रता के आधार पर लाभ प्रदान किया जा सके। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कर्मकारों को मिलने वाले विधिक अधिकारियों की जानकारी हेतु कैम्प आयोजित करने का परामर्श दिया गया। समस्त कार्यदायी संस्थागत प्रत्येक निर्माण कार्य के लिए पंजीयन सुनिश्चित कराये, जिससे सरकार द्वारा आवंटित लक्ष्य की पूर्ति हो सके। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं एनपीएस टेंडर्स के विषय में भी जानकारी दी गयी। जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति के पुर्नगठन का प्रस्ताव जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है। जनपद मुरादाबाद में बन्धुआ श्रम का कोई भी प्रकरण संज्ञान मे नहीं आया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त जनपद कुशीनगर से अवमुक्त कराये गये 10 बन्धुआ श्रमिकों का पुनर्वासन पैकेज तैयार कर प्रेषित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद मुरादाबाद में 01 वाद/समरी ट्रायल उप जिलाधिकारी बिलारी के समक्ष लम्बित है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि व्यक्तिगत रूप से रूचि लेकर वाद सुनवाई की कार्यवाही मे उपस्थित होते हुए वाद का शीघ्र निस्तारण कराया जाये। बैठक में अपर जिला जज/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज अधिकारी, अध्यक्ष जिला बाल कल्याण समिति, मुरादाबाद, प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं समितियों के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा विधानसभा कुन्दरकी के स्पोर्टस एकेडमी डूंगरपुर में मा. विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। खेल स्पर्धा का शुभारंभ मा. विधायक कुन्दरकी श्री ठाकुर रामवीर सिंह ने फीता काटकर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया गया। एथलेटिक्स में 100 मीट 200 मीटर, 400 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़, लंबी कूद, गोला फेक, जैवलिन, डिस्कस थ्रो की प्रतियोगिताएं, टीम इवेंट में वॉलीबाल, कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बालक/बालिकाओं ने प्रतिभाग किया । खेल प्रतियोगिता में सब जूनियर बाल वर्ग 400 मीटर में शोभित कुमार ने प्रथम एवं अजय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से 100 मीटर जूनियर बालक में मोहित कुमार ने प्रथम एवं रईस आलम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक सीनियर में मौ0 यूसुफ ने प्रथम एवं आयुष ने द्वितीय तथा 400 मीटर बालिका जूनियर में आरती ने प्रथम, अजमी नूर ने द्वितीय, गुलाब रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक कुन्दरकी श्री ठाकुर रामवीर सिंह, चेयरमैन श्री मेंहदी हसन, जिला युवा कल्या अधिकारी श्री भगवान दास ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किए।

# संभल में जामा मस्जिद के पास पदयात्रा निकालने के एलान पर पुलिस प्रशासन अलर्ट; पीएसी और आरआरएफ तैनात

संभल में पदयात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है। जामा मस्जिद के आसपास भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। जामा मस्जिद को श्री हरिहर मंदिर का दावा करने वाली याचिका में शामिल महंत ऋषिराज गिरी ने पदयात्रा निकालने का आह्वान के एलान के बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। कैलादेवी बैरियर को महंत ने लोगों के साथ मिलकर हटा संख्या मंदिर परिसर में बढ़ने लगी। जिले में धारा अनुमति से इनकार किया है।जामा मस्जिद और और आरआरएफ की भारी तैनाती की गई है। ड्रोन है। 19 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद को हरिहर होने पर यह पदयात्रा प्रस्तावित है, जिसे लेकर पुलिस-आसपास बैरिकेडिंग कर सुरक्षा मजबूत कर दी गई प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया है। ड्रोन कैमरों से मंगलवार को सीओ आलोक कुमार के नेतृत्व में



किया है।संभल में महंत ऋषिराज गिरि की पदयात्रा मंदिर में जुटी भीड़ को रोकने के लिए लगाए गए दिया। इसके बाद श्रद्धालुओं और साधु-संतों की 163 लागू होने के कारण एसपी ने जुलूस की आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस, पीएसी कैमरों व खुफिया इकाई की निगरानी बढ़ा दी गई मंदिर होने का दावा दायर होने के एक वर्ष पूरे प्रशासन अलर्ट पर है।उधर, जामा मस्जिद के है। साथ ही पुलिस, पीएसी और आरआरएफ को लगातार निगरानी की जा रही है। इससे पहले फोर्स ने शहर में पैदल मार्च कर हालात का जायजा लिया। स्थानीय खुफिया इकाई को भी सक्रिय कर दिया गया है।एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने स्पष्ट किया है कि जिले में धारा 163 लागू है और किसी भी प्रकार के जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी। महंत ऋषिराज गिरि पहले ही कह चुके हैं कि पदयात्रा का उद्देश्य अधिक से अधिक सनातनियों को जोड़ना और हरिहर स्थल की परिक्रमा करना है।दरअसल, जामा मस्जिद को श्री हरिहर मंदिर होने का दावा 19 नवंबर 2024 को संभल की अदालत में दायर किया गया था। इस दावे को एक वर्ष पूरे होने पर ही यह पदयात्रा निकालने का आह्वान किया गया है। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

# शराब पिलाकर कत्ल... अगले दिन लाश को पॉलिथीन में किया पैक, गड्ढे में दफन कर डाला नमक; बादशाह को इसलिए मारा

मुरादाबाद की भगतपुर थाने की पुलिस ने बादशाह हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी हिमांशु के भाई ने बादशाह को पीटा था। इसी पिटाई का बदला लेने के लिए बादशाह हिमांशु के भाई की हत्या बादशाह हत्याकांड में मंगलवार को हत्यारोपी हिमांशु को गिरफ्तार कर गर्वित ने बादशाह उर्फ चीनू की पिटाई की थी। इसी पिटाई का बदला लेने इसके अलावा हिमांशु के बादशाह पर बीस हजार रुपये को लेकर भी हिमांशु ने अंकुल के साथ मिलकर उसकी हत्या कर लाश भगतपुर के ने बताया कि तीन नवंबर को भवानीपुर के जंगल में एक युवक का शव सिंह नगर के काशीपुर निवासी बादशाह उर्फ चीनू (20) के रूप में हुई। वाले भगतपुर थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव निवासी हिमांशु और उसके पुलिस ने आरोपी हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया। उसने पूछताछ में पुलिस में जेल भेजा गया था। इस मामले में पुलिस ने हिमांशु से भी पूछताछ की गर्वित ने जेल जाने से पहले उसके साथ मारपीट की थी। उसकी बहुत हिमांशु के बीस हजार रुपये भी बादशाह वापस नहीं दे रहा था। चीनू देने से भी इन्कार कर रहा था। इसके बाद उसने अपने साथी अंकुल के साथ पहले की हत्या, फिर अगले दिन लाश पर डाल आए थे नमक - पुलिस दोस्त अंकुल के साथ बादशाह उर्फ चीनू के घर पहुंचा और उसे बहाने से का काम करने वाला हिमांशु और उसका साथी अंकुल शराब पिलाने के बादशाह को नशे में धुत कर दिया। इसके बाद योजना के मुताबिक मुंह व वापस चले गए। अगले दिन बुढ़ानपुर उर्फ अलीगंज में बिल्लू लाला की



करने की धमकियां दे रहा था। मुरादाबाद के भगतपुर इलाके के लिया। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया है कि उसके भाई के लिए बादशाह गर्वित की हत्या करने की धमकियां दे रहा था। विवाद चल रहा था। समझाने के बाद भी बादशाह नहीं माना तो भवानीपुर के जंगल में फेंक दी थी। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह मिला था। सोमवार को मृतक के शव की पहचान उत्तराखंड के ऊधम इस मामले में बादशाह के दादा ओमपाल सिंह ने काशीपुर में रहने साथी अंकुल के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। मंगलवार को को बताया कि करीब एक साल पहले बादशाह बाइक चोरी के मामले थी। जेल से आने के बाद चीनू ने हिमांशु को बताया कि उसके भाई बेइज्जती हुई थी। वह उसके भाई से बदला लेगा। इसके अलावा उसके भाई से बदला लेने की बार-बार धमकी दे रहा था और रुपये मिलकर चीनू की हत्या कर उसकी लाश गन्ने के खेत में फेंक दी थी। पूछताछ हत्यारोपी हिमांशु ने बताया कि 21 अक्तूबर को वह अपने अपने साथ ले गए। इसके बाद लोगों ने शाम को शराब पी। डेकोरेशन बहाने बुलेट पर बैठाकर भवानीपुर में हिमांशु के खेत पर ले गए, जहां नाक दबाकर चीनू की हत्या कर दी। इसके बाद दोनों आरोपी काशीपुर दुकान पर पहुंचे और एक बोरी नमक खरीदा। रात में दोनों गन्ने के उसी खेत में पहुंचे जहां शव पड़ा था। दोनों ने मिलकर गड्ढा खोदा और चीनू के शव को पन्नी में रखा, शरीर-चेहरे पर नमक डाला। पन्नी को बांधकर गड्ढे में दबा दिया और ऊपर से गन्ने की पत्तियां बिखेर दीं। इसके बाद दोनों काशीपुर चले गए थे। भगतपुर थाना प्रभारी आरपी सिंह ने बताया कि दूसरे आरोपी कांठ के बेगमपुर निवासी अंकुल की तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### संभल में जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर विवाद: पदयात्रा का एलान.. बैरिकेडिंग हटा जुटने लगे लोग

संभल में महंत ऋषिराज गिरि की पदयात्रा के एलान के बाद शहर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। कैलादेवी मंदिर में जुटी भीड़ को रोकने के लिए लगाए गए बैरियर को महंत ने हटा दिया। इसके बाद श्रद्धालुओं और साधु-संतों की संख्या मौके पर बढ़ने लगी। जिले में धारा 163 लागू होने के कारण एसपी ने जुलूस की अनुमति से इनकार किया है। कैलादेवी मंदिर के महंत और जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले में सिविल न्यायालय में दायर याचिका के वादी ऋषिराज गिरि महाराज ने बुधवार को पदयात्रा निकालने का एलान किया था। इसके बाद शहर में सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट पर कर दी गई है। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। भीड़ बढ़ने पर पुलिस ने बैरियर लगाकर रोकने की कोशिश की लेकिन मौके पर पहुंचे महंत ऋषिराज गिरि महाराज ने उन्हें हटवाकर लोगों को मंदिर परिसर तक पहुंचने दिया।इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु और साधु-संत परिसर में जुटने लगे। स्थिति को देखते हुए सीओ आलोक भाटी फोर्स के साथ कैलादेवी मंदिर पर पहुंचे। पुलिस फोर्स और पीएसी के जवान पूरी तरह मुस्तैद हैं। शहर के संवेदनशील इलाकों जामा मस्जिद, चौधरी सराय और प्रमुख चौराहों पर भी अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गई है।धारा 163 लागू, जुलूस पर रोक- एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने स्पष्ट किया है कि जिले में धारा 163 लागू है, जिसके तहत भीड़ इकट्ठा करने या जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून-व्यवस्था अपने हाथ में लेने नहीं दिया जाएगा। थाना प्रभारियों और अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को लगातार पेट्रोलिंग और निगरानी में लगाया गया है।ड्रोन से निगरानी, खुफिया इकाई सक्रिय- पदयात्रा को लेकर शहर में तनाव की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के लिए अतिरिक्त कदम उठाए हैं। सुबह सीओ आलोक कुमार के नेतृत्व में फोर्स ने पैदल मार्च किया। जामा मस्जिद के आसपास ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) को भी सक्रिय कर दिया गया है, ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा सके।यह था मामला- 19 नवंबर 2024 को सिविल न्यायालय संभल में यह दावा दायर किया गया था कि जामा मस्जिद का मूल स्वरूप श्री हरिहर मंदिर था। इस दावे के एक वर्ष पूरा होने पर कैलादेवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरि ने बुधवार को पदयात्रा निकालने का आह्वान किया। चर्चा है कि यह पदयात्रा जामा मस्जिद के आसपास तक ले जाई जा सकती है, जिसके चलते पुलिस प्रशासन और अधिक सतर्क हो गया है।हरिहर स्थल की परिक्रमा उद्देश्य - महंत ऋषिराज गिरि महाराज पहले भी कह चुके हैं कि पदयात्रा का उद्देश्य अधिक से अधिक सनातनियों को जोड़ना और हरिहर स्थल की परिक्रमा करना है। इसी के चलते सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर की ओर बढ़ रही है।भारी फोर्स तैनात- एएसपी कुलदीप सिंह भारी पुलिस बल के साथ कैलादेवी मंदिर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जामा मस्जिद क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर सुरक्षा को चाकचौबंद किया गया है। पुलिस, पीएसी और आरआरएफ का संयुक्त बल प्रमुख स्थानों पर तैनात है।यह हैं वाद दायर करने वाले वादीगण- जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर होने का दावा कर वाद को दायर करने वाले वादीगण में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हरिशंकर जैन, पार्थ यादव, महंत ऋषिराज गिरि, राकेश कुमार, जीतपाल सिंह यादव, मदनपाल, वेदपाल और दीनानाथ शामिल हैं।जामा मस्जिद का मामला यह था- 19 नवंबर 2024 को हिंदू पक्ष की ओर से कोर्ट में जो वाद दायर किया गया था, उसमें उन्होंने हरिहर मंदिर होने का दावा किया था। कोर्ट ने अधिवक्ता रमेश सिंह राघव को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर दिया था। कोर्ट कमिश्नर 19 नवंबर को सर्वे करने के लिए पहुंचे थे लेकिन सर्वे पूरा नहीं हुआ था।इसके बाद 24 नवंबर को दोबारा से सर्वे करने के लिए गए थे। इस दौरान बवाल हो गया था। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी। 29 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस बवाल में 107 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस बवाल में सांसद जियाउर्रहमान बर्क, जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली भी आरोपी हैं। एएसआई की टीम से अभद्रता करने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार नहीं- जामा मस्जिद का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों से अभद्रता करने में शामिल आरोपी काशिफ खान की पुलिस तलाश कर रही है। टीम आठ अक्तूबर को जामा मस्जिद के गुंबद का निरीक्षण करने के लिए पहुंची थी। इस दौरान टीम को रोका गया और अभद्रता की गई। पहुंचाने और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# भारी मन से कर रहे बरी..., मोदीनगर बस बम धमाके में इलियास की उम्रकैद की सजा रद्द; कोर्ट ने कही ये बात

भारी मन से कर रहे बरी..., मोदीनगर बस बम धमाके में इलियास की उम्रकैद की सजा रद्द; कोर्ट ने कही ये बातइलाहाबाद हाईकोर्ट ने तीन दशक पुराने बहुचर्चित गाजियाबाद के मोदीनगर में बस बम धमाका कांड में उम्रकैद पाए मोहम्मद इलियास को दोषमुक्त करते हुए बरी करने का आदेश दिया है। 51 पन्नों के फैसले में कोर्ट ने कहा कि 18 लोगों की जान लेने वाली इस दिल दहलाने वाली घटना में अभियोजन पक्ष किसी भी तरह इलियास की संलिप्तता साबित नहीं कर पाया। लिहाजा, अदालत भारी मन से आरोपी को बरी करने का आदेश दे रही है इस टिप्पणी संग न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने इलियास की ओर से ट्रायल कोर्ट के दंडादेश के खिलाफ दाखिल अपील स्वीकार कर ली। कोर्ट ने कहा कि पुलिस के सामने दिया गया इलियास का कथित इकबाल-ए-जुर्म भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 25 के तहत पूरी तरह अस्वीकार्य है। 1996 में इस घटना के समय टाडा कानून लागू नहीं था। इसलिए पुलिस या वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष की गई कोई भी स्वीकारोक्ति अदालत में साक्ष्य नहीं मानी जा सकती। टेप रिकॉर्डर तक पेश नहीं किया गया कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जताई कि पुलिस जिस टेप रिकॉर्डेड बयान पर पूरा मामला टिकाए थी, वही अदालत में पेश नहीं किया गया। ऐसे में कथित बयान की सत्यता और वैधता पर विश्वास करना संभव नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों ने किसी आरोपी को पहचाना ही नहीं- कोर्ट ने कहा कि घटनास्थल के प्रत्यक्षदर्शी व यात्री धमाके की पुष्टि तो करते हैं पर कोई भी आरोपी की पहचान नहीं कर सका। बस में बम दिल्ली आईएसबीटी पर ही पहले से रखा था। इसलिए किसी यात्री के लिए आरोपी को पहचान पाना संभव ही नहीं था। अभियोजन की ओर से जिन गवाहों को बाह्य-न्यायिक स्वीकारोक्ति का आधार बनाकर मुख्य गवाह बनाया गया था। उन्होंने अदालत में बयान से मुकरकर पूरा मामला और कमजोर कर दिया। डायरी, टिकटें...किसी भी साजिश का सबूत नहीं- कोर्ट ने माना कि अभियोजन की ओर से प्रस्तुत अन्य सबूत जैसे इलियास की जम्मूतवी के टिकट या डायरी में 'सलीम करी' का जिक्र सिर्फ संदेह पैदा करते हैं, अपराध नहीं साबित करते। भारी मन से बरी करने का आदेश- फैसले में कोर्ट ने लिखा कि इतनी भयावह घटना में दोषी को सजा आवश्यक थी पर कानून बिना ठोस सबूत किसी को दोषी नहीं ठहरा सकता। कोर्ट ने कहा कि वह भारी मन से यह बरी करने का आदेश दे रहा है। क्योंकि, घटना समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली थी। रिहाई का आदेश- हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की ओर से 2013 में सुनाई गई उम्रकैद सहित अन्य सजाएं रद्द कर दीं। कहा, यदि किसी अन्य मामले में आवश्यक न हो तो इलियास को तुरंत रिहा किया जाए।



## आगरा के ये 24 ब्लैक स्पॉट, जहां होती हैं सबसे ज्यादा मौत...क्रिटिकल कॉरिडोर टीम कमियों को करेगी दूर

आगरा में 24 ब्लैक स्पॉट पर हादसे रोकने के लिए क्रिटिकल कॉरिडोर टीम सक्रिय की गई है। सड़क की हर कमी को चिन्हित कर ये टीम त्वरित एक्शन लेगी। आगरा को शून्य मृत्यु दर वाला जिला बनाने के लिए 17 क्रिटिकल कॉरिडोर टीम बनाई गई हैं। अब इन टीम का प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है। इस टीम का काम 24 ब्लैक स्पॉट में हादसों को कम करना ही नहीं रहेगा बल्कि टीम हादसे की जानकारी पर राहत और बचाव कार्य भी कराएंगी। टीम के सदस्य ब्लैक स्पॉट की कमियों को दूर करने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय भी स्थापित करेंगे। इस संबंध में टीम को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।अपर पुलिस आयुक्त यातायात हिमांशु गौरव ने पुलिस लाइन स्थित प्रशांत मेमोरियल हाल में पुलिसकर्मियों को कार्यशाला में जानकारी दी। बताया कि दुर्घटना के दौरान आम लोगों की सहायता के साथ साथ सरकारी और निजी संपत्ति की सुरक्षा एवं त्वरित राहत कार्य पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।इसी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक थाना क्षेत्र में हॉट स्पॉट चिह्नित किए गए हैं। टीम दुर्घटना की सूचना पर तत्काल पहुंचेगी। राहत कार्य करने के बाद संबंधित कानूनी कार्रवाई कराएगी। हॉट स्पॉट पर हादसे की वजह का पता करेगी। रोड इंजीनियरिंग में खामी को दूर कराने के लिए संबंधित विभागों से पत्राचार करेगी।

## आगरा के ये 24 ब्लैक स्पॉट, जहां होती हैं सबसे ज्यादा मौत...क्रिटिकल कॉरिडोर टीम कमियों को करेगी दूर

आगरा में 24 ब्लैक स्पॉट पर हादसे रोकने के लिए क्रिटिकल कॉरिडोर टीम सक्रिय की गई है। सड़क की हर कमी को चिन्हित कर ये टीम त्वरित एक्शन लेगी। आगरा को शून्य मृत्यु दर वाला जिला बनाने के लिए 17 क्रिटिकल कॉरिडोर टीम बनाई गई हैं। अब इन टीम का प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है। इस टीम का काम 24 ब्लैक स्पॉट में हादसों को कम करना ही नहीं रहेगा बल्कि टीम हादसे की जानकारी पर राहत और बचाव कार्य भी कराएंगी। टीम के सदस्य ब्लैक स्पॉट की कमियों को दूर करने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय भी स्थापित करेंगे। इस संबंध में टीम को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।अपर पुलिस आयुक्त यातायात हिमांशु गौरव ने पुलिस लाइन स्थित प्रशांत मेमोरियल हाल में पुलिसकर्मियों को कार्यशाला में जानकारी दी। बताया कि दुर्घटना के दौरान आम लोगों की सहायता के साथ साथ सरकारी और निजी संपत्ति की सुरक्षा एवं त्वरित राहत कार्य पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।इसी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक थाना क्षेत्र में हॉट स्पॉट चिह्नित किए गए हैं। टीम दुर्घटना की सूचना पर तत्काल पहुंचेगी। राहत कार्य करने के बाद संबंधित कानूनी कार्रवाई कराएगी। हॉट स्पॉट पर हादसे की वजह का पता करेगी। रोड इंजीनियरिंग में खामी को दूर कराने के लिए संबंधित विभागों से पत्राचार करेगी।



## नवदंपती पर कार्रवाई: जयमाला में हर्ष फायरिंग, वायरल वीडियो पर हंगामा, अन्नू रानी-बॉक्सर पति पर मुकदमा दर्ज

नवदंपती पर कार्रवाई- जयमाला में हर्ष फायरिंग, वायरल वीडियो पर हंगामा, अन्नू रानी-बॉक्सर पति पर मुकदमा दर्जसरधना में अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक खिलाड़ी और अर्जुन अवार्डी अन्नू रानी तथा नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियन साहिल भारद्वाज की शादी समारोह में हुई हर्ष फायरिंग का वीडियो मंगलवार रात वायरल हो गया। वीडियो में दिखा कि जयमाला के दौरान दोनों ने स्टेज पर दुनाली बंदूक से फायरिंग की।अचानक हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से मंच के आसपास मौजूद मेहमान घबरा गए और कुछ देर के लिए अफरातफरी जैसी स्थिति बन गई। राहत की बात यह रही कि कोई भी व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया। मेहमानों ने घटना को लापरवाही भरा कदम बताया।शादी चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग स्थित द गाडस पैलेस रिसोर्ट में हुई। सोमवार को दोनों खिलाड़ियों ने भव्य समारोह में वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। रिसोर्ट को फूलों और रंगीन लाइटों से सजाया गया था। जैसे ही दूल्हा साहिल मर्सिडीज में पहुंचा, परिवार और रिश्तेदार ढोल-नगाड़ों व डीजे की धुनों पर झूम उठे। पारंपरिक स्वागत हुआ और अन्नू के परिवार की महिलाओं ने गीत गाकर बारात का अभिनंदन किया। इसी बीच हुई हर्ष फायरिंग का वीडियो सामने आने पर पुलिस ने दोनों खिलाड़ियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जांच में पुलिस वीडियो और मौके की परिस्थितियों की पड़ताल कर रही है।



## पत्नी के चरित्र पर शक था...इसलिए लड्डू में जहर देकर मार दिया मासूम बेटा, कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

फिरोजाबाद के मक्खनपुर क्षेत्र के गांव सांती में अपनी ननिहाल में रह रहे चार वर्षीय बालक की उसके ही पिता ने हत्या कर दी थी। इस मामले में दोषी को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है।फिरोजाबाद के मक्खनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने नाना के यहां रहने वाले चार साल के डेविड को लड्डू में जहर देकर हत्या करने के दोषी पिता को मंगलवार को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एडीजे-4 कोर्ट ने आगरा के एत्माद्दौला के शाहदरा चुंगी निवासी सुनील पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। दोषी ने अपनी पत्नी के अवैध संबंध के शक में ससुराल जाकर बेटे की हत्या कर दी थी।सुनील के खिलाफ उसके ससुर ने थाना मक्खनपुर में नाती की हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया था 18 अप्रैल 2022 की रात मक्खनपुर थाना क्षेत्र के गांव में उनके यहां दामाद सुनील कुमार आया था। बेटे को लड्डू में मिलाकर जहर खिला दिया, जिससे नाती की मौत हो गई। सुनील को पुलिस ने 21 जून 2022 को गिरफ्तार किया था। सुनील ने कबूल किया था कि उसने अपनी पत्नी के अनैतिक संबंधों के शक में अपने बेटे की हत्या की।पुलिस को बताया था कि उसकी पत्नी के मोहल्ले के एक युवक के साथ अवैध संबंध थे। जब उसने विरोध किया तो पत्नी नहीं मानी। इतना ही नहीं वह युवक यह कहने लगा कि मासूम उसका बच्चा है। इस शक और ईर्ष्या में उसने बेटे को जान से मारने की ठान ली थी। जब पत्नी को पति के इरादों का पता चला, तो उसने बेटे को मायके में भेज दिया मगर सुनील ने मासूम बच्चे का पीछा नहीं छोड़ा था। उसने ससुराल पहुंचकर बेटे की हत्या कर दी थी। पुलिस ने कोर्ट में आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। मजबूत साक्ष्यों व गवाही के साथ ही कड़ी अभियोजन पैरवी के चलते सुनील कुमार को कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा सुनाई।



## कुछ तो गड़बड़ है किला पुल-सिटी स्टेशन रोड की निविदा अचानक रद्द, ठेकेदारों की लाखों की जमानत राशि फँसी

